अमेज़न वनों का उन्मूलन

प्रिलिम्स के लिये:

अमेज़न वर्षावन, अमेज़न में वनों की कटाई का कारण

मेन्स के लिये:

अमेज़न वनों का कार्बन उत्सर्जक के रूप में परिवर्तित होने का कारण

चर्चा में क्यों?

हाल ही में एक अध्ययन के अनुसार, यह पाया गया कि **ब्राज़ील के अमेज़न में वनों की कटाई का क्षेत्र** पिछले वर्ष (2020) से 22% की वृद्धि के बाद 15 वर्षों में सबसे उच्च स्तर पर पहुँच गया।

- इससे पहले हुए एक अध्ययन के अनुसार, **अमेज़न के जंगलों/वनों ने कार्बन डाइऑक्साइड** (**Carbon dioxide- CO2**) को अवशोषित करने के बजाय इसका उत्सर्जन करना शुरू कर दिया है।
- समय के साथ वैश्विक जलवायु परिवर्तन और अधिक वनों की कटाई के कारण **अमेज़न के तापमान में वृद्धि एवं वर्षा के पैटर्न में बदलाव की संभावना है,** जो निस्संदेह इस क्षेत्र के जंगलों, पानी की उपलब्धता, जैव विविधता, कृषि और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करेगा।



//

प्रमुख बिंदु

- **अमेज़न में वनों की कटाई का कारण:**
  - **पशुपालन:**
    - अमेज़न वर्षावन में व**नों की कटाई के प्रमुख कारणों** में से एक गौ-माँस (बीफ) की खपत से जुड़ा हुआ है।
    - **मवेशियों को चराने और चरागाह के निर्माण के लिये पेड़ों को काटकर** एवं वनों को जलाकर वन के विशाल क्षेत्रों को साफ किया जाता है।
    - **ब्राज़ील** जो कि संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन जैसे देशों को गौ-माँस (बीफ) का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है, ने वर्ष 2019 में 1.82 मिलियन टन गौ-माँस (बीफ) का निर्यात किया।
  - **छोटे पैमाने पर कृषि:**

            - इसे लंबे समय से अमेज़न वर्षावन में वनों की कटाई के प्रमुख कारक के रूप में जाना जाता है।
            - पशुपालन की तरह **छोटे पैमाने की कृषि के लिये वनों को "काटकर जलाना"** पड़ता है ताकि विभिन्न प्रकार की फसलों और चराई के लिये भूमि को साफ किया जा सके।
    - **आग:**
        - अन्य प्रकार के जंगलों के विपरीत अमेज़न के जंगल आग के अनुकूल नहीं होते हैं।
        - वास्तव में अमेज़न बेसिन में वनों की कटाई से **आग लगने की घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।** जैसा कि उनके नाम से पता चलता है, वर्षावनों में उच्च स्तर की नमी होती है, जो उन्हें आग से बचाने में मदद करती है।
    - **औद्योगिक कृषि का संचालन:**
        - **अ**मेज़न वर्षावन में **औद्योगिक कृषि** कार्य तेज़ी से बढ़ रहे हैं।
    - **अन्य कारण:**
        - सोने जैसे बहुमूल्य खनिजों के लिये **खनन कार्य,** अमेज़न के जंगल को और नुकसान पहुँचाते हैं।
        - सड़कों और बाँधों सहित ऋण तथा बुनियादी ढाँचे पर खर्च के रूप में **सरकारी प्रोत्साहन में वृद्धि।**
- **अमेज़न वर्षावन:**
    - ये विश्व के सबसे बड़े उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं जो उत्तरी दक्षिण अमेरिका में अमेज़न नदी और इसकी सहायक नदियों के जल निकासी बेसिन के सहारे स्थित हैं।
        - उष्णकटिबंधीय वर्षावन बंद वितान वन होते (Closed-Canopy Forests) हैं जो भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण में 28 डिग्री के भीतर पाए जाते हैं।
        - यहाँ या तो मौसमी रूप से या पूरे वर्ष में प्रतिवर्ष 200 सेमी. से अधिक वर्षा होती है।
        - तापमान समान रूप से उच्च होता है जो 20 डिग्री सेल्सियस और 35 डिग्री सेल्सियस के मध्य होता है।
        - इस प्रकार के वन एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, मध्य अमेरिका, मैक्सिको और कई प्रशांत द्वीपों में पाए जाते हैं।
    - अमेज़न एक विशाल बायोम है जो तेज़ी से विकसित आठ देशों- ब्राज़ील, बोलीविया, पेरू, इक्वाडोर, कोलंबिया, वेनेज़ुएला, गुयाना और सूरीनाम तथा फ्राँस के एक समुद्री पार क्षेत्र (Overseas Territory) फ्रेंच गुयाना तक फैला हुआ है।
    - अमेज़न वर्षावन लगभग 80% अमेज़न बेसिन को कवर करते हैं और दुनिया की लगभग 1/5 भूमि पर रहने वाली प्रजातियों का घर है तथा सैकड़ों स्वदेशी समूहों एवं कई अलग-अलग जनजातियों सहित लगभग 30 मिलियन लोगों का भी घर है।
        - अमेज़न बेसिन 6 मिलियन वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र के साथ विस्तृत है, यह भारत के आकार का लगभग दोगुना है।
        - यह बेसिन दुनिया के ताज़े पानी के प्रवाह का लगभग 20% महासागरों से प्राप्त करता है।
    - ब्राज़ील के कुल क्षेत्रफल का लगभग 40% हिस्सा उत्तर में गुयाना हाइलैंड्स, पश्चिम में एंडीज़ पर्वत, दक्षिण में ब्राज़ील के केंद्रीय पठार और पूर्व में अटलांटिक महासागर से घिरा है।

- **वनों की कटाई को रोकने के लिये पहलें:**
  - [COP26 जलवायु शिखर सम्मेलन](#) में ब्राज़ील उन कई देशों में शामिल था जिन्होंने वर्ष 2030 तक वनों की कटाई को रोकने का वादा किया था।
  - [लीडर्स समिट ऑन क्लाइमेट, 2021](#) में 'लोअरिंग एमिशन बाय एक्सीलरेटिंग फॉरेस्ट फाइनेंस' (Lowering Emissions by Accelerating Forest Finance- LEAF) गठबंधन की घोषणा की गई थी।
  - **REDD+ पहल:** यह वन कार्बन स्टॉक के संरक्षण, वनों के सतत् प्रबंधन और वनों की कटाई एवं वन क्षरण से होने वाले उत्सर्जन को कम करने हेतु विकासशील देशों में [जलवायु परिवर्तन](#) शमन विकल्पों में से एक है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/amazon-deforestation